# तेरी कृपा का है ये असर सांवरे भजन लिरिक्स

तेरी कृपा का है ये असर सांवरे,
मेरी पहचान है अब तेरे नाम से,
लोग कुछ भी कहें मुझको परवाह नहीं,
जीवन जीते हैं हम तो बड़े शान से,
तेरी किरपा का है ये असर सांवरे,
मेरी पहचान है अब तेरे नाम से।bd।

तर्ज – श्याम जाने जिगर।

---

ऐसे मुश्किल भरे मेरे हालात थे,
दिल के दरवाज़ों में बंद जज्बात थे,
कोई साथी ना था कोई संगी ना था,
शक्ति मिलती थी मुझको तेरे नाम से,
तेरी किरपा का है ये असर सांवरे,
मेरी पहचान है अब तेरे नाम से।bd।

---

जो उठाते थे मुझ पे ऊँगली कभी,
आज चलते हैं नज़रें झुका के सभी,
मैं भी हैरान था थोड़ा परेशान था,
अब तो सम्मान मिलता तेरे नाम से,
तेरी किरपा का है ये असर सांवरे,
मेरी पहचान है अब तेरे नाम से।bd।

---

तेरी कृपा रहे जब तक ज़िन्दगी,
यूँ ही चाहे 'मोहित' बस तेरी बंदगी,
लब ये खामोश हैं आँखें रोने लगी,
इतने एहसान है मुझपे घनश्याम के,
तेरी किरपा का है ये असर सांवरे,
मेरी पहचान है अब तेरे नाम से।bd।

---

तेरी कृपा का है ये असर सांवरे,
मेरी पहचान है अब तेरे नाम से,
लोग कुछ भी कहें मुझको परवाह नहीं,
जीवन जीते हैं हम तो बड़े शान से,
तेरी किरपा का है ये असर सांवरे,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इंटरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

Singer – Sakshi Agarwal

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com